ऐ हारिसा की माता , जन्नत में बहुत - सी श्रेणियाँ हैं और तुम्हारे बेटे ने उसकी सबसे ऊँची श्रेणी अल -फ़िरदौस प्राप्त कर ली है।

अनस- रज़ियल्लाहु अन्हु - से रिवायत है कि उम्मे रुबैयी बिंत बरा जो हारिसा बिन सुराक़ा की माँ हैं , अल्लाह के रसूल - सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम - के पास आईं और बोलीं ः ऐ अल्लाह के रसूल , क्या आप मुझे हारिसा के बारे में - जो बद्र के दिन मारे गए थे - नहीं बताएँगे ? यदि वह जन्नत में है , तो सब्र कर लूँगी और यदि कहीं और है , तो उसपर खूब रोउँगी। आपने फ़रमायाः "ऐ हारिसा की माता , जन्नत में बहुत - सी श्रेणियाँ हैं और तुम्हारे बेटे ने उसकी सबसे ऊँची श्रेणी अल -फ़िरदौस प्राप्त कर ली है। "

[सहीह़] [इसे बुख़ारी ने रिवायत किया है।]

http://www.sunnah.global/hadeeth/hi/show/3576